सराहनीय कार्य दिनाँक 26-02-2025 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 54/25 से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।
- अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर , 01 खोखा कारतूस,02 जिंदा कारतूस, 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल एवं छिनैती के 1,500 /- रुपये बरामद।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।
- अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में गम्भीर धाराओं में डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

दिनाँक 27-01-2025 को वादी सुधान्शु शर्मा पुत्र संतोष कुमार शर्मा निवासी तिलक नगर थाना उत्तर जनपद के द्वारा थाना उत्तर पर वादी के पिता के हाथ से अभियुक्तगण द्वारा थैला छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 54/25 धारा 304(2) बीएनएस0 पंजीकृत कराया गया था।

उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू व उसके 02 अन्य साथियों 1.जयप्रताप उर्फ सिमू, 2.आदेश का नाम प्रकाश में आया जिनकी पुलिस टीम को तलाश थी। इसी क्रम में आज दिनाँक 25-02-2025 को थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 54/25 में वांछित अभियुक्तगण थाना उत्तर क्षेत्र में मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं।

सूचना के आधार पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा बैंदी की पुलिया पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान एक बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। आत्मरक्षार्थ थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया तथा 02 अन्य संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। घायल व्यक्ति की पहचान छिनैती की घटना में संलिप्त अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू के रूप में हुई है। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी पत्थर वाले मंदिर के पास स्टेशन रोड़ थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

नाम व पता मौके से फरार अभियुक्तगण-

1. जयप्रताप उर्फ सिमू पुत्र विजय सिंह निवासी कपावली थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. आदेश पुत्र गजेन्द्र निवासी टूण्डली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस।
3. 01 खोखा कारतूस।
4. 01 चोरी की स्पलेण्डर मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।
5. छिनैती के 1,500 रुपये।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू-

1-मु0अ0सं0 55/2014 धारा 13जी एक्ट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
2-मु0अ0सं0 766/2016 धारा 8/20एनडीपीएस एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3-मु0अ0सं0 1169/17 धारा 279,338 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4-मु0अ0सं0 48/2018 धारा 41 सीआरपीसी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5-मु0अ0सं0 125/18 धारा 457,380 भादवि थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद।
6-मु0अ0सं0 480/2018 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7-मु0अ0सं0 52/2019 धारा 392,341 भादवि थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
8-मु0अ0सं0 183/2019 धारा 392 भादवि थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
9-मु0अ0सं0 377/2019 धारा 394 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
10-मु0अ0सं0 507/2019 धारा 307,393 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
11-मु0अ0सं0 676/19 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
12-मु0अ0सं0 677/19 धारा 307 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
13-मु0अ0सं0 446/2020 धारा 307 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
14-मु0अ0सं0 246/22 धारा 394,411 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
15-मु0अ0सं0 255/22 धारा 307 पुलिस मुठभेड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
16-मु0अ0सं0 256/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
17-मु0अ0सं0 257/22 धारा 41,102,411.414 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
18- मु0अ0सं0 54/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सुनील कुमार चौकी प्रभारी ककरऊ कोठी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 गौरव वर्मा चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 मिथलेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 722 अजीत सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 807 नीलेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 636 सतीश शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 743 सत्यवीर सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।